एक नजर में

गांधी नगर थाने में डिजिटल मालखाने का शुभारंभ आज

इंदौर. पुलिस की कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया जा रहा है. गांधी नगर थाना परिसर में शनिवार को डिजिटल मालखाने का उद्घाटन किया जाएगा. यह आयोजन दोपहर 12.15 बजे आयोजित होगा. पुलिस उपायुक्त जोन 1 कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह होंगे. इस अवसर पर पारंपरिक मालखाना व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल रूप में परिवर्तित किए जाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया जाएगा. नए डिजिटल मालखाने में क्यूआर कोड आधारित रिकॉर्ड प्रबंधन, पेपरलेस सिस्टम और तकनीक आधारित कार्यप्रणाली को शामिल किया गया है. कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट वर्कप्लेस का अवलोकन कराया जाएगा. पुलिस व्यवस्था में बदलाव और तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है. डिजिटल मालखाने की कार्यप्रणाली का लाइव प्रदर्शन होगा और नागरिकों की सुविधा के लिए उन्नत जन सेवा सुविधा केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा.

पंचमुखी बालाजी धाम पर कलश स्थापना

इंदौर. मालवा मिल अनाज मंडी स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम मंदिर पर बसंत पंचमी के पावन प्रसंग पर शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण, पंचमुखी बालाजी एवं शिव मंदिर के शिखर पर अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना का अनुष्ठान सौल्लास संपन्न हुआ. कलश स्थापना के पूर्व मालवा मिल अनाज मंदिर परिसर में नूतन कलशों की शोभा यात्रा भी निकाली गई। मंदिर भक्त मंडल के गिरीश खंडेलवाल एवं राजू अग्रवाल राधे राधे ने बताया कि कलश स्थापना के लिए दो दिवसीय इस महोत्सव में गुरुवार शाम को आरती के पश्चात सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन भी किया गया. इसके साथ ही विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में कलश स्थापना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. आज सुबह सुंदर कांड पाठ के विराम के बाद विद्वान आचार्यों द्वारा कलश अभिषेक, कलश स्थापना और दोपहर 1.15 बजे यज्ञ-हवन के साथ कलश स्थापना की विधि परिपूर्ण हुई. जैसे ही तीनों मंदिरों पर एक के बाद एक कलश स्थापित किए गए, समूचा परिसर भगवान के जयघोष से गूँज उठा। इसके पूर्व बैंड बाजों सहित मंदिर परिसर में नूतन कलशों की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए.

प्रत्येक घर में तीन ग्रंथ होना चाहिए

इंदौर. सनातन धर्म में गीता, श्रीमदभागवत और रामचरितमानस की विशेष महिमा है. मानस हमें जीना सिखाती है और गीता कर्मबोध का पाठ बताती है. भागवत को सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. प्रत्येक घर में ये तीनो ग्रंथ होना चाहिए और इनका नित्य पारायण भी करना चाहिए. ये विचार श्री वृंदावन धाम के भागवताचार्य अरुण कृष्ण शास्त्री महाराज के है, जो उन्होंने अलकापुरी मुसाखेड़ी में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण कथा में अमृतवर्षा करते हुए भक्तो के बीच कहे. व्यासपीठ का पूजन पं. ब्रजकिशोर शर्मा, राजकिशोर शर्मा और कमलकिशोर शर्मा, श्रीकांत पांडे ने किया. कथा के मुख्य यजमान श्रीमती प्रभा ब्रज किशोर शर्मा है. भागवत मूल पाठ का वाचन आचार्य परमानंद पटेरिया ने किया. प्रवीण जोशी ने बताया इस मौके पर मयंक शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, नरेंद्र पवार, कमल पवार, उदित तिवारी, राजेश पवार, मुकेश पवार, कोमल चौहान, चौबेजी विशेष रूप से उपस्थित थे. भागवत कथा के बाद हवन, गंगा पूजन होगा. कथा रोजाना दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होती है.

वर्कशॉप के साथ इंडोकॉन का शुभारंभ

इंदौर. तीसरे नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 2026 की शुरुआत आज इरकाड सेंटर में कैडेवरिक वर्कशॉप के साथ हुई, जहाँ देशभर से आए 100 से अधिक डेलीगेट्स ने पहली बार इंदौर में आयोजित इस बड़े स्तर की कैडेवरिक हिप सर्जरी ट्रेनिंग में हिस्सा लिया. तीन दिवसीय कांफ्रेंस का ओपनिंग सेशन आधुनिक हिप सर्जरी, ट्रॉमा केयर और उभरती तकनीकों पर आधारित था. पहली बार इंडोकॉन में इतने बड़े स्तर पर कैडेवरिक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें इंटरनेशनल फैकल्टी की उपस्थिति ने ट्रेनिंग को और मजबूत किया। इंग्लैंड से आए डॉ. अजय मालवीया और साउथ कोरिया से डॉ. यून ने हिप आर्थ्रोस्कोपी, मिनिमली इनवेसिव तकनीक और जटिल हिप प्रक्रियाओं पर अपने अनुभव साझा किए. कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. हेमंत मंडोवरा ने कहा इंडोकॉन के पहले ही दिन जिस तरह इंग्लैंड और साउथ कोरिया से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए, उससे यह स्पष्ट होता है कि आज भारत भी वैश्विक मेडिकल स्टैंडर्ड्स के बराबर खड़ा है.

जीआरपी ने की विदेशी शराब जब्त, तीन धराए

प्लेटफार्म नं. 2 और 3 के बीच ब्रिज के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

इंदौर. जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 36 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है.

उक्त कार्रवाई शुक्रवार की रात को की गई है. रेलवे एसपी पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देश और उप पुलिस अधीक्षक रेलवे ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जीआरपी इंदौर का ड्यूटी बल रेलवे स्टेशन पर सतर्कता से तैनात था. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति विदेशी शराब लेकर रेलवे स्टेशन पर मौजूद हैं. सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 और 3 के बीच ब्रिज के पास घेराबंदी कर तीन व्यक्तियों को पकड़ा. पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके बैग व झोलों से अवैध रूप से परिवहन की जा रही विदेशी मदिरा बरामद हुई.

ये हैं आरोपी... पकड़े गए आरोपियों के नाम 61 वर्षीय प्रेमजी भाई पिता कानजी भाई निवासी जनता सोसाइटी, थाना कमलाबाग, जिला पोरबंदर (गुजरात), 58 वर्षीय वाला भाई पिता वैजा भाई वढेर निवासी भारतनगर एरोड्रम, थाना कमलाबाग, जिला पोरबंदर (गुजरात) तथा 50 वर्षीय मनसुखलाल पिता नजा भाई दाफदा निवासी संत रोहिदास नगर, मेघानी नगर, जिला जूनागढ़ (गुजरात) के रूप में हुई है. इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा, प्रधान आरक्षक निरंजन मीणा, आरक्षक सुरजीत सिंह, आरक्षक किशोर परमार तथा आरपीएफ के जवान सुनील ढाका और संतोष गुर्जर की भूमिका सराहनीय रही.

जब्त शराब की कीमत साढ़े 58 हजार

आरोपियोंसे 36 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी मात्रा करीब 27 लीटर है. जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 58 हजार 560 रु. बताई गई है. बरामद शराब में वेट, सिग्नेचर, रॉयल चैलेंज और ओल्ड स्मगलर जैसे ब्रांड शामिल हैं. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी रेलवे के माध्यम से अंग्रेजी शराब की अवैध तस्करी कर रहे थे. मामले में जीआरपी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

चलती कार में आग, तेज धमाकों की आवाज

बाल-बाल बचे तीन बच्चों सहित पांच लोग

इंदौर. भंवरकुआं इलाके में आईटी पार्क के पास शुक्रवार शाम एक चलती कार में अचानक आग लग गई. घटना शाम करीब चार से बांच बजे के बीच की बताई जा रही है. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब चार हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया.

फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष कुमार दुबे ने बताया कि आग इम्पीट्स कंपनी की बिल्डिंग के सामने लगी. आग भड़कने के दौरान कार से तीन-चार धमाकों की आवाज भी सुनाई दी. कार में तीन बच्चे सहित पांच लोग सवार थे. बोनट से धुआं निकलते ही चालक ने तुरंत वाहन रोककर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला. आग लगने के दौरान सुरक्षा के लिहाज से कुछ समय के लिए सड़क के एक तरफ का ट्रैफिक रोक दिया था. कार मालिक नरेश पिता रामशंकर ने पुलिस को बताया कि उनकी रेनॉल्ट ट्राइबर कार करीब चार से पांच साल पुरानी है. वे शाम को परिवार के साथ पालदा रोड स्थित घर लौट रहे थे, तभी अचानक कार में आग लग गई. प्रारंभिक तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, मामले में जांच की जा रही है.

नवलखा हनुमान मंदिर पर मनाया बसंतोत्सव

इंदौर. संस्था शिवादीप की मेजबानी में नवलखा स्थित हनुमान मंदिर पर विधायक गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में अयोध्या में रामलला मंदिर की स्थापना एवं बसंत पंचमी के पावन पर्व पर 56 भोग, महाआरती, पुष्प श्रृंगार एवं भजनांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए गए.

इस अवसर पर संस्था की ओर से संदीप गोयल, गोविंद सिंघल, सुरेश गोयल, प्रतीक गुप्ता, सौरभ गोयल, बबलू मित्तल, नितेश अग्रवाल, राहुल गोयल, जानी सिरसिया सहित अनेक भक्तों ने महाआरती में शामिल होकर समाज, शहर एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए प्रार्थना की. मंदिर पर फूलों से किया गया मनोहारी श्रृंगार निहारने के लिए देर शाम तक भक्तों का मेला जुटा रहा.

हंसदास मठ पर 101 बटुकों ने धारण किए नूतन यज्ञोपवीत

विद्वानों के निर्देशन में किया प्रायश्चित कर्म, सप्तऋषि पूजन व दिवंगतों के लिए तर्पण

इंदौर. पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के दसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं हंसदास मठ के संयुक्त तत्वावधान में बंसत पंचमी के पावन प्रसंग पर मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 101 बटुकों ने नूतन यज्ञोपवीत धारण किए. करीब 5 घंटे चली शास्त्रोक्त प्रक्रियाओं का पालन करते हुए इन बटुकों ने जाने-अनजाने में हुई त्रुटियों के लिए प्रायश्चित कर्म, सप्तऋषि पूजन, दिवंगतों के लिए तर्पण जैसे प्रावधानों का पालन कर महामंडलेश्वरजी से कान में मंत्र सुनकर दीक्षा भी ग्रहण की.

विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, हंसदास मठ के पं. अमितदास एवं महंत यजत्रदास ने बताया कि आचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री एवं अन्य विद्वानों के निर्देशन में सुबह मंगलाचरण एवं पवित्रीकरण के साथ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का शुभारंभ हुआ. प्रदेश एवं शहर के कोने-कोने से आए इन बटुकों का सबसे पहले मुंडन कराया गया. दशविध स्नान की रस्म के तहत बटुकों ने मिट्टी, गोबर, भस्म, पंचामृत, गोमूत्र, तीर्थजल एवं दुर्वा आदि से स्नान किया. शरीर प्रक्षालन-शुद्धिकरण के बाद ध्यान संध्या, सूर्य उपासना एवं तर्पण की क्रियाएं संपन्न होने के बाद सभी बटुकों ने हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज से कान में गुरु मंत्र सुनकर गुरू दीक्षा ग्रहण की. तर्पण, प्रायश्चित कर्म एवं सप्तऋषि पूजन के बाद बटुकों ने यज्ञोपवीत धारण किए और यज्ञोपवीत धर्म के अनुरूप विभिन्न रस्मों का निर्वहन भी किया.

आहुतियां कीं समर्पित

इस दौरान मप्र ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, विधायक रमेश मेंदोला, कैलाश पाराशर, विनोद जोशी, प्रवीण सोनी, जयदीप दुबे एवं राजेश शास्त्री सहित अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने बटुकों को आशीर्वाद देकर महायज्ञ में आहुतियां भी समर्पित की।

जीने की कला रामायण और मरने की कला सिखाती है भागवत : पं. शास्त्री

जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर भागवत कथा

इंदौर. भागवत और भगवान का नाम सदैव अमर है. जीने की कला रामायण और मरने की कला भागवत सिखाती है. भागवत हम हजारों वर्षों से सुनते आ रहे हैं फिर भी यह हमेशा नूतन एवं प्रेरक अनुभूति प्रदान करती है. भगवान की भक्ति निर्मल मन से की जाना चाहिए तभी भगवान प्रसन्न होंगे. निष्काम भक्ति ही सच्ची भक्ति होती है। भारत, भगवान और भक्ति एक-दूसरे के पर्याय हैं.

जूनी इंदौर मुक्ति धाम सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार से प्रारंभ सात दिवसीय भागवत ज्ञानयज्ञ में भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री ने शुभारंभ सत्र में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा का शुभारंभ बलवीर हनुमान मंदिर से से कलशयात्रा के साथ हुआ. आयोजन समिति के संयोजक अशोक सारडा एवं राजेश जोशी ने बताया कि जूनी इंदौर मोक्ष धाम परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में प्रमोद खटोड, लक्ष्मण माहेश्वरी, रामनिवास भराणी, राहुल सोनकर, अनिल राठोर, ओमप्रकाश सोनकर एवं ओमप्रकाश राठोर सहित सैकड़ों भक्तों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारम्भ किया. मंदिर के पुजारी आचार्य पं. राजेश तिवारी सहित विद्वानों ने मूल पारायण किया. मोक्ष धाम पर भागवत ज्ञान यज्ञ का यह अनूठा आयोजन शहर में दूसरी बार हो रहा है. इसके पूर्व पंचकुईया स्मशान घाट पर समाजसेवी ब्रह्मलीन प्रेम बाहेती ने भी भागवत कथा का आयोजन कराया था. कथा शुभारम्भ के पूर्व संयोजक अशोक सारडा, राजेश जोशी, लक्ष्मण माहेश्वरी, राहुल सोनकर आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। संगीतमय कथा 29 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी.

एक नजर में | **कलशधारी महिलाएं भजनों पर नाचते-गाते हुए हुईं शामिल**

रथयात्रा से समूचा क्षेत्र श्याम बाबा की भक्ति से ओतप्रोत

इंदौर. एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर के 23वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी पर मंदिर से शुक्रवार को सुबह खाटू श्याम बाबा की रथयात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा का समूचे मार्ग में श्याम भक्तों ने नाचते-गाते और झूमते हुए आत्मीय स्वागत किया. यात्रा में 251 महिलाएं मंगल कलश एवं 125 पुरुष रंग-बिरंगी श्याम ध्वजा लेकर नाचते-गाते झूमते रहे. महाकाल मंदिर उज्जैन की भस्म रमैया डमरू मंडली के सदस्य पूरे समय डमरू एवं झांज लिए चल रहे थे.

हनुमानजी एवं शौर्य के प्रतीक देवी-देवताओं के अलावा भजन मंडली एवं गरबा मंडली के सदस्य भी आकर्षण का केन्द्र बने रहे. ढोल एवं ताशा पार्टी के भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था. भक्तों के उत्साह ने समूचे मार्ग को श्याममय बना दिया। भक्तों के उत्साह का आलम यह था कि रथ यात्रा को 5 किमी की दूरी तय करने में 5 घंटे का समय लगा. खाटू श्याम सेवक समिति के संरक्षक मदनलाल शर्मा, रामकुमार अग्रवाल एवं सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर नादिया नगर, अटल द्वार होते हुए पाटनीपुरा एवं रसोमा चौराहा पार कर पुनः मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां मंदिर समिति की ओर से राजकुमार चितलांगिया, अनिल तांबी, रामलाल जांगीड़, मनोज चितलांगिया, जयप्रकाश इंदौरिया आदि ने श्याम भक्तों का स्वागत किया. मंदिर पहुंचने पर भी श्याम भक्तों का उत्साह बना रहा. श्याम भक्त नाना राठौड़ और उनकी टीम द्वारा किए गए श्रृंगार को देखने के लिए दिनभर भक्तों का मेला जुटा रहा. बाबा के रथ को सैकड़ों भक्त हाथों से खींचकर चलते रहे, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मयंक कुमावत, रवि शर्मा, जय जांगीड, अंकुर सुरेका, शुभम मीणा, अशोक शर्मा, वीरेन्द्र दत्त, महेश यादव, सत्यनारायण शर्मा, ओम शर्मा, दिनेश शर्मा, रामचरण शर्मा सहित 40 कार्यकर्ता पूरे मार्ग में मुस्तैदी से तैनात रहे.

HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED
कार्पोरेट कार्यालय हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 27, डेवलप्ड इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुंडई, चेन्नई-600032

संपर्क नं. राजेश चकोटिया-8435571111 (आरआरएम), श्री वैभव श्रीवास्तव (आरएलएम) 7987969803, सुश्री अंकिता पाटिल-7723055195 (सीएलएम), श्री गोविन्द चौहान- 8962816436 (सीआरएम)

निजी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत एचएचएफएल को प्रभारित अचल परिसंपत्तियों की बिक्री

एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) के तहत अनुसूची संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा ले लिया है. आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध है, एचएचएफएल को 'जहां है, जैसा है' और 'जो है, जैसा है' के आधार पर बकाया राशि की वसूली के लिए सहमत शर्तों के अनुसार.

निजी संधि के माध्यम से संपत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :-

1. निजी संधि के माध्यम से बिक्री 'जहां है जैसा है' और 'जो है जैसा है जैसा है' के आधार पर होगी.
2. क्रेता को संपत्ति की खरीद के लिए एचएचएफएल की पेशकश की स्वीकृति की प्राप्ति के अगले कार्य दिवस पर बिक्री मूल्य का 25% जमा करना होगा और शेष राशि उसके बाद 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी.
3. क्रेता को आवेदन के साथ प्रस्तावित राशि का 10% जमा करना होगा, जिसे उपरोक्त खण्ड (2) के अनुसार जमा की जाने वाली 25% राशि में समायोजित किया जाएगा.
4. उपरोक्त खंड (2) के तहत अपेक्षित राशि का भुगतान न करने पर, आवेदन के साथ भुगतान की गई राशि के 10% सहित पहले से भुगतान की गई राशि जब्त कर ली जाएगी.
5. एचएचएफएल द्वारा खरीद के प्रस्ताव को स्वीकार न करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई 10% राशि बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी.
6. संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे वे HHFL को ज्ञात हों या अज्ञात. प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.
7. क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए. क्रेता को बाद में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता के खिलाफ कोई दावा करने का अधिकार नहीं होगा.
8. एचएचएफएल बिना कोई कारण बताए खरीद के किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
9. एक से अधिक प्रस्ताव की स्थिति में, एचएचएफएल उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करेगा.
10. इच्छुक पक्ष आगे की जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं. स्पष्टीकरण और अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए.
11. क्रेता को सभी स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और अन्य खर्च, कर वहन करने होंगे. संपत्ति की खरीद के संबंध में कर्तव्य.
12. बिक्री SARFAESI अधिनियम/Ruls के प्रावधानों के अनुसार होगी

ऋण खाता संख्या और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम

MP/IDR/INDR/A000000760. 1. श्री मुकेश चौकसे 2. श्रीमती ज्योति

आरक्षित मूल्य: रु. 8,40,000/- (रु. आठ लाख चालीस हज़ार मात्र)

संपत्ति की अनुसूची- फ्लैट नंबर 612, 6वां फ्लोर, स्टार एवेन्यू, ब्लॉक B, विलेज मुंडाला नायता, इंदौर, जिसका साइज़ 1040 Sq.ft. (सुपर बिल्ट अप एरिया) है, जिसकी चार बाउंड्री हैं- ईस्ट- M.O.S, वेस्ट- कॉमन पैसेज, नॉर्थ- फ्लैट नंबर 601, साउथ- फ्लैट नंबर 611.

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 24-1-2026

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक: 82 | **निविदा सूचना** | **दिनांक: 15.01.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र..	टेंडर क्र..	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_ 476191 15-01-2026	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 के अंतर्गत नंदा नगर रोड न. 13 एवं 15 में स्थित बैक लाईनों में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना।	04 माह ₹11,00,868/-	₹ 2,000/- ₹ 8,300/-	16-02-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 17-02-2026
02	2026_UAD_ 476192 15-01-2026	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत मुराई मोहल्ला में टाल वाली गली से सुंदरम् चाट तक एवं श्याम बाड़ा में नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	06 माह ₹35,04,656/-	₹ 5,000/- ₹ 26,300/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
03	2026_UAD_ 476193 15-01-2026	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अंतर्गत श्री राम नगर सेक्टर-ए. मकान न. 43 से 68 तक पुरानी जर्जर ड्रेनेज लाईन के स्थान पन नई ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹10,78,985/-	₹ 2,000/- ₹ 8,100/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
04	2026_UAD_ 476194 15-01-2026	झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अंतर्गत स्थित समाजवाद नगर की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	08 माह ₹79,02,919/-	₹10,000/- ₹59,300/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
05	2026_UAD_ 476195 15-01-2026	झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत 101 सच्चिदानन्द नगर तथा बगीचे के आसपास ध्वस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	06 माह ₹41,95,201/-	₹5,000/- ₹31,500/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
06	2026_UAD_ 476196 15-01-2026	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 स्थित नहारशाह कम्पाउंड की सभी गलियों व अशर्फी नगर की 2 गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	06 माह ₹37,43,793/-	₹5,000/- ₹28,100/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
07	2026_UAD_ 476197 15-01-2026	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत विजय नगर स्थित गली न. 01 से 12 तक बैकलेन में ध्वस्त हो चुकी ड्रेनेज लाईन के स्थान पर एवं मुख्य मार्ग पर ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	08 माह ₹98,34,756/-	₹10,000/- ₹73,800/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
08	2026_UAD_ 476198 15-01-2026	झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 में स्थित शक्कर बाजार ब्राह्मण ग्वाडी सिखवाल मोहल्ला में ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹18,47,640/-	₹2,000/- ₹13,900/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
09	2026_UAD_ 476199 15-01-2026	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 के अंतर्गत वैभव नगर सेक्टर-ए. म.न. 41 चौहान जी के घर से 82 देवी सिंह चौहान के घर तक ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹19,46,738/-	₹2,000/- ₹14,700/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
10	2026_UAD_ 476200 15-01-2026	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 के अंतर्गत पंचम की फेल स्थित महेश जी दुकान से तीन कुँए तक एवं आसपास की गलियों में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹19,35,751/-	₹2,000/- ₹14,600/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
11	2026_UAD_ 476201 15-01-2026	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत गीता नगर एक्स. में ड्रेनेज लाईन डालने का कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	06 माह ₹39,69,557/-	₹5,000/- ₹29,800/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
12	2026_UAD_ 476202 15-01-2026	झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 स्थित वर्धमान नगर की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	06 माह ₹26,99,319/-	₹5,000/- ₹20,300/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
13	2026_UAD_ 476204 15-01-2026	झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अंतर्गत गुमास्ता नगर म.नं. 113 से म.न. 133 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹17,86,653/-	₹2,000/- ₹13,400/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
14	2026_UAD_ 476205 15-01-2026	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 के अंतर्गत कुम्हार खाड़ी में ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	08 माह ₹57,99,910/-	₹10,000/- ₹43,500/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
15	2026_UAD_ 476206 15-01-2026	झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 के अंतर्गत भेरूबाबा मंदिर गणगौर नगर से प्राथमिक विद्यालय मार्तण्ड नगर चौक तक एवं अमर पैलेस गली न. 4 में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	08 माह ₹54,87,894/-	₹10,000/- ₹41,200/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
16	2026_UAD_ 476207 15-01-2026	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कुओं में सफाई करना एवं आवश्यक मरम्मत कार्य करना। (पंचम बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹10,09,627/-	₹ 2,000/- ₹7,600/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
17	2026_UAD_ 476208 15-01-2026	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 41 स्थित स्कीम न. 77 नीलेश पाटीदार जी की गली में ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹10,52,648/-	₹2,000/- ₹7,900/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
18	2026_UAD_ 476209 15-01-2026	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 में वृंदावन कॉलोनी लाल कुँए वाली गली में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹19,32,036/-	₹ 2,000/- ₹14,500/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
19	2026_UAD_ 476210 15-01-2026	झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अंतर्गत स्थित भक्त प्रहलाद नगर की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	08 माह ₹82,73,581/-	₹ 10,000/- ₹62,100/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026
20	2026_UAD_ 476211 15-01-2026	झोन 09 वार्ड क्र. 47 के अंतर्गत लाड़ कॉलोनी स्थित म.न. 05 से म.न. 16 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	04 माह ₹11,70,961/-	₹ 2,000/- ₹8,800/-	29-01-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 30-01-2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर